कार्यालय पंजीयक, शिक्षा विभागीय परीक्षाएं, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा / प्राशि / पंविप / 5वीं–8वीं / दिशानिर्देश / 2025–26 दिनांक :– 10.04.2026

परीक्षा अति आवश्यक / गोपनीय

कक्षा 5 वीं व 8 वीं जिला प्रभारी कृपया ध्यान देवें –

कक्षा 5 व 8 परीक्षा–2026 के लिए मुख्य परीक्षा परिणाम दिनांक : 24.03.2026 को जारी किये जाने के उपरान्त विभिन्न कारणों, यथा विद्यालय स्तरीय सत्रांक प्रविष्टि, अंक प्रविष्टि की त्रुटियों आदि के कारण, रोके गये प्रकरणों का कार्यालय स्तर पर निस्तारण किया जा रहा है। साथ ही दिनांक : 06.04.2026 से पुनर्गणना कार्य आरम्भ हो चुका है, इस संदर्भ में निम्न कार्यवाही करना सुनिश्चित करावें –

01 कक्षा 5 एवं 8 के मुख्य परीक्षा परिणाम में जिन परीक्षार्थियों के परिणाम रोके गए थे उनका विवरण इस कार्यालय द्वारा आपको एम.एस.एक्सेल फॉर्मेट में ईमेल / उचित माध्यम से प्रेषित किया गया था। **उक्त सूची अनुसार डाइट स्तर से परिणाम रोके गए विद्यार्थियों के अंक संशोधन या अन्य संशोधनों संबंधित प्रेषणीय प्रस्ताव पंजीयक कार्यालय द्वारा दिनांक : 13.04.2026 तक ही स्वीकार्य किये जाएंगे।** उक्त तिथि के उपरान्त वर्ष 2026 की परीक्षाओं के लिए उक्त कार्य (**परीक्षा परिणाम बकाया न होना**) पूर्णता का प्रमाण पत्र प्राचार्य डाइट समस्त द्वारा जरिए मेल पंजीयक कार्यालय को अनिवार्य रूप से प्रेषित करावें।

02 कक्षा 5 व 8 के पुनर्गणना कार्य हेतु दिनांक 02.04.2026 को टाईम लाईन जारी की गई है, जिसकी अक्षरशः पालना सुनिश्चित करें। **साथ ही बिन्दु संख्या 9 के संदर्भ में विद्यालय स्तरीय सत्रांक संशोधन (तीन विषय – कला शिक्षा, कार्यानुभव, स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा के प्रकरण मूल ही कार्यालय को दिनांक : 15.04.2026 तक अग्रेषित किये जावें। सत्रांक संशोधन / पुनर्गणना प्रकरणों में डाइट द्वारा अपने आधिकारिक अग्रेषण पत्र में यह भी प्रमाणित किया जावे कि दोनों कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए नियमानुसार पुनर्गणना शुल्क संबंधित से प्राप्त कर, डाईट के खाते में जमा कर लिया गया है।**

03 कक्षा–5 व कक्षा 8 परीक्षा 2026 में सफल परीक्षार्थियों के ग्रेड सह प्रमाणपत्रों का मुद्रण व वितरण कार्य आगामी मई माह में किया जाना प्रस्तावित है, इस संदर्भ में शीघ्र ही निर्देश जारी किये जाएंगे। इसी प्रकार पूरक परीक्षा परिणाम वाले परीक्षार्थियों हेतु आगामी पूरक परीक्षा के निर्देश पुनर्गणना परिणाम जारी होने के उपरान्त पृथक् से जारी किये जाएंगे।

04 कक्षा–5 व कक्षा 8 परीक्षा 2026 का ऑनलाईन परीक्षा परिणाम जारी होने के उपरान्त कम्प्यूटर जनरेटेड ग्रेडतालिका में परीक्षार्थी का नाम, माता–पिता का नाम, जन्मतिथि, विषय, विद्यालय का नाम इत्यादि में संशोधनों के लिए प्रकरण प्राप्त हो रहे हैं। **अतः इस संदर्भ में सी.बी.ई.ओ. लॉगिन से "Application Correction Module" दिनांक – 10.04.2026 से 25.04.2026 तक प्रारम्भ किया जा रहा है।**

पंजीयक
शिक्षा विभागीय परीक्षाएं
राजस्थान बीकानेर